पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)
वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई-मेल: reg.shekhauni@gmail.com

क्रमांक: 25449 दिनांक: 2806-2024

# दीक्षांत समारोहः सूचना

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर द्वारा दिनांक 04 जुलाई 2024 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोज्य दीक्षांत समारोह के सम्बंध में सभी अधिकारियों, प्राधिकार मण्डल के सदस्यों तथा स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक, उपाधियों एवं कुलाधिपति सम्मान प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सूचना

1. पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के स्टेच्यूट 23 के संदर्भ में स्टेच्यूट के अध्याय 3 के के अन्तर्गत स्टेच्यूट 6 के क्लोज (13) के उपखण्ड (iv) के अन्तर्गत उपाधियों के लिए प्रबंध मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन को अधिकृत किया गया है।
2. विश्वविद्यालय द्वारा चतुर्थ दीक्षांत समारोह 04 जुलाई 2024 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जायेगा तथा महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को उपाधियां दीक्षांत समारोह के समापन के पश्चात् सम्बंधित महाविद्यालय के दी जायेगी। कार्यक्रम अपराह्न 12:15 बजे से प्रारम्भ हो जाएगा आपकी उपस्थिति कार्यक्रम प्रारम्भ होने से 02 घण्टे पूर्व अर्थात 10:15 AM तक अपेक्षित है।
3. शैक्षणिक सत्र 2020-21 एवं 2021-22 के लिए आयोजित परीक्षा 2021 एवं 2022 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उपाधियों के लिए सूची अनुसार पात्रता प्राप्त परीक्षित विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित कर उपाधियां प्रदत्त करने की अनुमति प्रबंध मण्डल द्वारा प्रदान की गयी है।
4. दीक्षांत समारोह में उन्हीं विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जावेगी, जिन्हें स्वर्ण पदक दिये जाने है।
5. विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि की पात्रता रखने वाले परीक्षित विद्यार्थियों के नाम प्रबंध मण्डल द्वारा अनुमोदित कर दिये गये हैं तथा ऐसे विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है।
6. दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले अनुमत अधिकारियों, प्राधिकार मण्डल के सदस्यों के लिए शैक्षणिक ड्रेस/गणवेश कोड निम्नानुसार होगा। दीक्षांत शोभायात्रा (Procession) में भाग लेने एवं दीक्षांत डायस पर बैठने हेतु यह गणवेश अनिवार्य है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

| | |
|---|---|
| Chancellor | **1. Male:** Jodhpuri Suit (White/off-white/cream colour), Rajasthani 'Turban' and Black Shoes<br>**2. Female:** Saree (White/off-white/cream colour) with Maroon colour of the Boarder and Blouse and Black Sandal/Slipper. |
| Vice-Chancellor<br>Registrar | **1. Male:** Jodhpuri Suit (White/off-white/cream colour), Rajasthani 'Turban' and Black Shoes<br>**2. Female:** Saree (White/off-white/cream colour) with Maroon colour of the Boarder and Blouse and Black Sandal/Slipper. |
| Members of University Authorities/Official | **1. Male:** Jodhpuri Suit (White/off-white/cream colour), Rajasthani 'Turban' and Black Shoes<br>**2. Female:** Saree (White/off-white/cream colour) with Maroon colour of the Boarder and Blouse and Black Sandal/Slipper. |
| Authorities/Public Representative and different nominated persons including non-officials. | **1. Male:** Jodhpuri Suit/ '*Kurta-payjama*'/ Paint-Shirt/ '*Dhoti-Kurta*' (white/off-white/cream colour), Rajasthani 'Turban' and Black Shoes<br>**2. Female:** Saree/ '*Salwar-Suit*'(White/off-white/cream colour) with Maroon colour of the Boarder and Blouse/ '*Chunni*'/'*Dupatta*' and Black Sandal/Slipper. |

2ो-

**नोटः** विश्वविद्यालय के विभिन्न प्राधिकार मण्डल के सदस्यों (प्रबंध मण्डल एवं विद्या परिषद के सदस्य), विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं (Dean) को अपने लिए निर्धारित गणवेश की व्यवस्था स्वयं को करनी होगी तथा उन्हे स्टोल/दुपट्टा विश्वविद्यालय की तरफ से उपलब्ध करवाया जायेगा।

7. दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक गणवेश निम्न प्रकार से होगी तथा गणवेश की व्यवस्था विद्यार्थी को स्वयं ही करनी होगी:

| | |
|---|---|
| Recipients/Students of Degree/Medals | **1. Male:** *'Kurta-payjama'*/ Paint-Shirt/ '*Dhoti-Kurta*' (white colour) and Black Shoes<br>**2. Female:** Saree/ '*Salwar-Suit*'(White/off-white/cream colour) with Maroon colour of the Boarder and Blouse/ '*Chunni*'/'*Dupatta*' and Black Sandal/Slipper. |

8. दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों के लिए स्टोल/दुपट्टा का रंग निम्नानुसार होगा।

| संकाय | रंग |
|---|---|
| कला एवं समाज विज्ञान संकाय | लाल |
| विज्ञान संकाय | गहरा नीला |
| वाणिज्य संकाय | पीला |
| विधि संकाय | हल्का पिंक |
| शिक्षा | हरा |

9. दीक्षांत समारोह के दौरान स्टेज पर स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्राप्त करने के लिए निर्धारित गणवेश (Dress) में आना अनिवार्य होगा तथा गणवेश (Dress) की व्यवस्था सम्बंधित परीक्षित विद्यार्थी को स्वयं को करनी होगी। स्टॉल/दुपट्टा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाय जायेगा, जिसे दीक्षांत समारोह के बाद विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत व्यक्ति को वापस जमा करवाना होगा। विश्वविद्यालय को इस हेतु राशि रू. 50/– जमा करवानी होगी, जिसे स्टॉल/दुपट्टा लौटाने पर वापस लौटा दिये जायेंगे।
10. स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है।
11. **परीक्षित विद्यार्थी जिन्हें स्टेज पर स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्रदान किया जाना प्रस्तावित है, वे अपने साथ कार्यक्रम में अधिकतम दो सदस्य अपने परिजन ला सकते हैं, जिसकी सूचना उन्हें अपने द्वारा कार्यक्रम में भाग लिये जाने की सूचना के साथ कुलसचिव को देनी होगी तथा उनके किसी भी फोटो आईडी की प्रति कुलसचिव कार्यालय में हस्ताक्षर के साथ जमा करवानी होगी।**
12. जो विद्यार्थी दीक्षांत समारोह में व्यक्तिशः उपस्थित होकर माननीय कुलाधिपति जी से स्वर्ण पदक प्राप्त करना चाहते है, वे इसकी सूचना विश्वविद्यालय को निर्धारित प्रपत्र में यथासमय अनिवार्य रूप से दे देवें।

उप कुलसचिव (शैक्षणिक) एव
प्रभारी, चतुर्थ दीक्षांत समारोह–2024